आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर सांसद मीना ने उनियारा व देवली में बैठक ली

टोंक। आगामी नगरपालिका एवं पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों को लेकर टोंक-सवाईमाधोपुर सांसद हरीश चन्द्र मीना ने बुधवार को देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उनियारा एवं देवली में आयोजित संगठनात्मक बैठकों में भाग लिया।

बैठकों में सांसद ने पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। बैठकों में आगामी नगरपालिका एवं पंचायतीराज चुनावों को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा स्थानीय स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी बनाने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सांसद मीना ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आपसी समन्वय पर निर्भर है। आगामी चुनावों को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटे।

आगामी नगरपालिका एवं पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों को लेकर टोंक-सवाईमाधोपुर सांसद हरीश चन्द्र मीना ने संगठनात्मक बैठकों में भाग लिया।

■ बैठकों में सांसद ने पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की

उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं की समस्याओं एवं सुझावों को भी गंभीरता से सुना और आवश्यक स्तर पर उनके समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। सांसद ने कहा कि जनता से निरंतर संवाद, स्थानीय मुद्दों को मजबूती से उठाना और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों के लिए एकजुट होकर पूरी ऊर्जा के साथ तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

भंडारे में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

पावटा। ग्राम पाथरेडी में ग्रामवासियों, दानदाताओं एवं श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से प्राचीन शिवालय बाबा भूतेश्वर नाथ एवं धरतरी नाथ बाबा का पांचवां विशाल भंडारा एवं धार्मिक रागनी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों एवं बाबा के भक्तों में खासा उत्साह है । कार्यक्रम का आयोजन 23 अगस्त 2026, रविवार को सुबह 11 बजे से पुरानी पाथरेड़ी, तहसील पावटा, जिला कोटपूतली-बहरोड़ में किया जाएगा। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में हरियाणा की मशहूर गायक कलाकार राजबाला बहादुरगढ़, प्रवेश शर्मा एवं नानगराम अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं मशहूर डांसरों की प्रस्तुतियां भी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेंगी। धार्मिक रागनी कॉम्पिटिशन के माध्यम से श्रद्धालु लोक संस्कृति और भक्ति संगीत का आनंद उठा सकेंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने, धार्मिक कार्यक्रम का आनंद लेने का आग्रह किया।

नकबजनी की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार व एक बाल अपचारी निरूद्ध

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन मे वृत्ताधिकारी मृत्युजन्य मिश्रा के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी भंवरलाल वेष्णव के नेतृत्व टीम गठीत द्वारा न्यायिक अधिकारी के सरकारी आवास मे हुये चोरी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये घटनाकारित दो आरापियों को गिरफ्तार किया जाकर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है।

कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमति स्वाती व्यास जो 7 से 23 अगस्त तक राजकीय अवकाश पर जयपुर जाने के बाद इसी बीच उनके सिविल लाईन स्थित राजकीय आवास टीआर-16 पर चोरो द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसकी सूचना उनके चौकीदार धर्मेन्द्र को 13 अगस्त को मिली जब वह सुबह ड्यूटी पर आया। जिसके बाद उसने एडीजे को दूरभाष पर सूचना दी कि जब वह सुबह आवास पर आया तो पता चला कि घर के ताले टूटे हुए है और कमरे के अन्दर आलमारी का सामान बिखरा हुआ है। जिसके बाद एडीजे जयपुर से रवाना होकर अपने आवास पर पहुँची व सामान चेक किया तब पाया कि घर के अन्दर तीन ताले टूटे हुए थे, सामान बिखरा हुआ था और उनकी आलमारी से सोने के जेवरात जिनमें कानों के कुछ टोप्स और एक डायमंड सेट, आदि अन्य सामान नहीं मिले है। जो अज्ञात चोर, चोरी करके ले गये है। जिस पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुय एक टीम गठित कर घटना में लिप्त आरोपियों की जाचं कार्य प्रारम्भ कर घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी केमरो की फुटेज जांच व अन्य तकनिकी संसधानो को सहयोग से घटना में शामिल दो आरोपी साहिल व फुरका को गिरफ्तार किया तथा इस कार्यवाही में एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है।

महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों का आयोजन

निवाई। राजकीय महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत उपखंड प्रशासन की स्वीप प्रकोष्ठ टीम प्रभारी अधिकारी रामेश्वर मीणा एवं सहप्रभारी प्रियंका चौधरी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान बनो देश के भग्य विधाता, अब जागों प्यारे मतदाता सहित कई नारों के साथ विद्यार्थियों को मतदान के महत्व की जानकारी दी। टीम प्रभारी अधिकारी रामेश्वर मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता शपथ, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता सहित कई जागरूकता गतिविधियां और सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल, प्रोफेसर उषा बागडी, प्रोफेसर मदनमोहन महावर, डॉ. प्रभा गुप्ता, डॉ. सोना अठावाल, ईएलसी नोडल अधिकारी रूपा चौधरी व ईएलसी सदस्य सुमन सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।

संत निरंकारी मिशन के सेवा कार्यों को मिला सम्मान

भरतपुर (निसं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के समाज सेवा प्रभाग द्वारा संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका डॉ. दादी प्रकाशमणि की 19वीं पावन पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण भारत एवं नेपाल स्तर पर विश्व बंधुत्व रक्तदान अभियान 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में भरतपुर क्षेत्र में आरबीएम हॉस्पिटल की ब्लड बैंक टीम के चिकित्सीय सहयोग से 21 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक 5-दिवसीय विशाल रक्तदान महाभियान चलाया जाएगा। यह अभियान केवल रक्तदान तक सीमित न होकर आध्यात्मिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्रीय एकता और विश्व बंधुत्व को समर्पित एक व्यापक जनआंदोलन है।

बैठक में डॉ. दादी प्रकाशमणि की 19वीं पावन पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विश्व बंधुत्व रक्तदान अभियान पर चर्चा की ।

विश्व शांति भवन, कृष्णा नगर (भरतपुर) की सेवाकेंद्र प्रभारी ब्र.कु. कविता दीदी ने बताया कि इस वर्ष अभियान की विशेष थीम श्ज्ञान पान, योग ध्यान, रक्तदानश् रखी गई है। ब्रह्माकुमारीज़ का मानना है कि रक्तदान केवल एक शारीरिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि श्रेष्ठ संकल्पों और मानव सेवा का उत्सव है। वैज्ञानिक शोध भी यह दर्शाते हैं कि व्यक्ति के सकारात्मक विचार शरीर की जैव-रासायनिक प्रक्रियाओं और रक्त संचार प्रणाली पर अनुकूल प्रभाव डालते हैं। इसलिए प्रत्येक रक्तदाता को रक्तदान से पूर्व आध्यात्मिक ऊर्जा से सशक्त बनाया जाएगा। इस बार जिले भर से 1000 यूनिट ब्लड एकत्रित करने का संकल्प लिया गया है।

डीएसटीम की साइबर अपराध के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

निवाई। डीएसटी टीम ने कार्रवाई करते हुए 30 लाख रुपए की साइबर ठगी का खुलासा करते हुए 7 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि टीम ने कार्रवाई करते हुए निवाई से 6 साइबर अपराधी व सदर टोंक थाना क्षेत्र में एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध अलग-अलग पुलिस थानों में प्रकरण दर्ज है। उन्होंने बताया कि आरोपी दिलकुश पुत्र रामकिशन कीर निवासी नटवाड़ा, विनोद पुत्र कमलेश प्रजापत निवासी मण्डावर, खुशीराम पुत्र भरतलाल मीणा निवासी सागर थाना चौथ का बरवाड़ा, सांवरमल पुत्र मन्नालाल जाट निवासी जाटों का मोहल्ला संठामपुरा थाना बनेठा, रामसिंह पुत्र भंवरलाल गुर्जर निवासी थड़ोली थाना बौंली व राकेश पुत्र रामफूल गुर्जर निवासी सारसोप थाना चौथ का बरवाड़ा को गिरफ्तार किया है। जिनसे 11 मोबाइल, बैंक पासबुक का एटीएम कार्ड व चैक बुक आदि को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि द्वारा जांच में उनके मोबाइल से कुल 205 फर्जी सीम का प्रयोग करना पाया गया। एनसीआर पोर्टल पर आरोपियों के विरुद्ध 45 ऑनलाइन शिकायत दर्ज है। आरोपी पिछले 4 वर्षों से अपने मोबाइल से फर्जी फोन पे ऐप, फर्जी इन्वेस्टमेंट लिंक के माध्यम से व्हाट्सएप व

मौसम बदला तो बढ़ी मरीजों की भीड़, वायरल व डायरिया के मरीजों की संख्या में इजाफा

पावटा। तेज धूप, बारिश और उमस के बीच मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर अब लोगों की सेहत पर दिखाई देने लगा है। उपजिला अस्पताल पावटा में इन दिनों मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पताल की ओपीडी में बुखार, सर्दी-जुकाम, गले में संक्रमण, डायरिया, पेट संबंधी संक्रमण सहित अन्य मौसमी बीमारियों के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार बारिश के बाद उमस और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। वहीं दूषित पानी और अस्वच्छ भोजन से डायरिया व पेट संबंधी बीमारियां भी बढ़ सकती हैं। अस्पताल पहुंच रहे मरीजों में बच्चों, बुजुर्गों सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हैं।

उपजिला अस्पताल पावटा प्रभारी डॉ. रवि बंसल ने बताया कि मौसम में बदलाव के दौरान सोमवार को 1079 व मंगलवार को 1166 मरीज उपचार के लिए पहुंचे। जिसमें वायरल, बुखार, सर्दी-जुकाम और पेट संबंधी शिकायतों के मरीज ज्यादा हैं। लोगों को साफ पानी का सेवन करने, ताजा एवं स्वच्छ भोजन लेने और व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। तेज बुखार, लगातार दस्त या अन्य गंभीर लक्षण होने पर बिना देरी किए चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

उपजिला अस्पताल पावटा में इन दिनों मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

■ उपजिला अस्पताल पावटा प्रभारी डॉ. रवि बंसल ने बताया कि मौसम में बदलाव के दौरान सोमवार को 1079 व मंगलवार को 1166 मरीज उपचार के लिए पहुंचे

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. देवेंद्र शर्मा ने बताया कि बारिश और उमस के मौसम में संक्रमण तेजी से फैल सकता है। घर के आसपास साफ-सफाई रखें और खुले में रखे खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।डॉ. एस.के वर्मा ने कहा कि मौसम परिवर्तन के दौरान वायरल संक्रमण के मामले सामने आते हैं। बुखार, गले में खराश, खांसी या सर्दी-जुकाम जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। पर्याप्त पानी पीने के साथ चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही दवा लें। डॉ. अशोक बाज्या ने बताया कि बारिश के बाद आसपास पानी जमा होने से मच्छरों के प्रजनन का खतरा बढ़ जाता है। लोगों को घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए तथा कूलर का पानी नियमित रूप से बदलना चाहिए। मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाना भी जरूरी है। डॉ. भास्कर मिश्रा ने कहा कि दूषित पानी और खराब खानपान से डायरिया एवं पेट के संक्रमण की समस्या बढ़ सकती है। लोगों को साफ और उबला अथवा सुरक्षित पानी पीना चाहिए तथा भोजन को ढककर रखना चाहिए। बच्चों में दस्त या उल्टी होने पर लापरवाही न बरतते हुए समय पर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। अस्पताल प्रशासन की ओर से भी मरीजों को मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर समय पर उपचार करवाएं।

स्वतंत्रता दिवस पर वेद बनवारी लाल सम्मानित

पावटा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोटपुतली स्थित एलबीएस कॉलेज के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में सामाजिक एवं सेवा कार्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए संत निरंकारी मिशन के जॉन-20 ए पावटा जोनल इंचार्ज वेद बनवारी लाल निरंकारी को सम्मानित किया गया। समारोह में कोटपुतली जिला कलक्टर अर्पणा गुप्ता ने वेद बनवारी लाल निरंकारी को संत निरंकारी मिशन द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा एवं सामाजिक कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया। सम्मान मिलने पर मिशन से जुड़े अनुयायियों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। संत निरंकारी मिशन द्वारा समय-समय पर स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, रक्तदान, मानव सेवा एवं सामाजिक जागरूकता सहित विभिन्न सेवा कार्यों में सहभागिता निभाई जाती रही है। इन्हीं सेवा कार्यों और समाज हित में योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद वेद बनवारी लाल निरंकारी ने इसे संत निरंकारी मिशन से जुड़े सभी सेवादारों एवं श्रद्धालुओं की सामूहिक सेवा भावना का सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है और मिशन आगे भी समाज हित में सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेगा।

बेटे के ससुराल में जलाने वाला अभियुक्त दोषमुक्त

सांभर झील, (निसं)। अपर सेशन न्यायाधीश, दूदू शिव कुमार शर्मा ने अभियुक्त राजेंद्र प्रसाद पुत्र दुर्गा सहाय मीणा निवासी वार्ड नंबर 11 कालाडेरा जिला जयपुर को अपराध अंतर्गत धारा 452, 307, 309, 504 भारतीय दंड संहिता के आरोपी से दोष मुक्त किया है।

अभियुक्त खुद के बेटे के ससुराल ग्राम बोराज स्थित नेमी वालों की ढाणी पहुंचकर घटना को अंजाम दिया था। दामाद की सास विमला देवी ने मोजमाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

रिपोर्ट में बताया था कि शाम को 7:15 बजे राजेंद्र मीणा आया जिसके हाथ में 2 लीटर की पेट्रोल की बोतल थी। वह और उसकी बहू अनीता मीणा घर पर खाना बना रहे थे। वह सीधे मकान के किचन में घुस गया। इसने दोनों पर पेट्रोल डाला व उसने स्वयं को भी पेट्रोल छिड़क कर जलाने का प्रयास किया। अभियुक्त के अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह शेखावत बताते हैं कि मामला पारिवारिक रंजिश के चलते अभिषेक की पत्नी नेहा अपने पीहर में रह रही थी। इस मामले में उनकी ओर से न्यायालय को बताया गया कि अभियोजन पक्ष की ओर से जो तर्क रखे गए हैं उनका कोई औचित्य नहीं है अभियुक्त के विरुद्ध आरोप प्रमाणित नहीं होता है और गवाहन के कथन से अभियुक्त के विरुद्ध भी बाकी के जो आरोफ है वह भी साबित नहीं होते हैं।

इसलिए अपराध संदेह से परे साबित नहीं होने के कारण अभियुक्त राजेंद्र को दोष मुख्य घोषित किया जाए। न्यायालय में दोनों पक्षों के तर्कों का मनन करते हुए लिखा कि क्या मुलजिम में 18 फरवरी 2024 को विमला देवी के ठाम बोराज स्थित मकान पर उसे व उसकी बहू अनीता एवं खुद को जलाने के आशय से अन्नाधिकृत घर में प्रवेश किया। मामले में पक्षकारो के मध्य धारा 504 में राजीनामा हो जाना साबित है। शेष आरोपों को संदेह से परी साबित करने में अभियोजन पक्ष असफल रहने के आधार पर अभियुक्त को दोष मुक्त किया जाता है।

गुर्जर समाज के पूर्व सैनिकों की बैठक में कैप्टन लालचंद अध्यक्ष बने

कोटपूतली । ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर में बुधवार को गुर्जर समाज के पूर्व सैनिकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कोटपूतली-बहरोड, नारनौल, खेतड़ी व नीमकाथाना से आये अनेक पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से समाज के विकास, पूर्व सैनिकों के कल्याण और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई।

■ बैठक के दौरान मुख्य रूप से समाज के विकास, पूर्व सैनिकों के कल्याण और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई

ग्राम पूतली में गुर्जर समाज के पूर्व सैनिकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कोटपूतली-बहरोड़, नारनौल, खेतडी व नीमकाथाना से आये अनेक पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में सामाजिक एकजुटता दिखाते हुए सर्वसम्मति से संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें सभी को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अध्यक्ष पद पर कैप्टन लालचंद, उपाध्यक्ष पद पर सूबेदार मेजर गाडाराम टापरी, कोषाध्यक्ष पद पर सूबेदार हमीर सिंह, सचिव पद पर राजाराम, उपसचिव पद पर हवलदार कमलेश, मंच संचालक (एंकर) सूबेदार रोहिताश, सदस्यों में सुरेश चंद गुर्जर एवं पन्नाराम कसाणा को शामिल किया गया हैं।

बैठक में कैप्टन ओमप्रकाश, सूबेदार बनवारी, सूबेदार हेतराम, सूबेदार सहमल, महताब राम, हवलदार कमलेश छावड़ी, हवलदार धोलाराम, हवलदार रामसिंह मुक्कड़, हवलदार महेंद्र डाबला, हवलदार रोहिताश भरगड़, हवलदार महिपाल, हवलदार मालाराम, हवलदार मुकेश, हवलदार विक्रम, हवलदार कर्मवीर, हवलदार विजय सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई दी और समाज के हित में पूरी निष्ठा के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

सार-समाचार

राजगढ़ में एसबीआई ने नए नोट बांटे

राजगढ़ । कस्बे के स्टेशन मार्ग स्थित एसबीआई शाखा की ओर से बुधवार को नए नोटों का वितरण किया गया। एसबीआई शाखा की ओर से बैंक के सामने विद्युत निगम परिसर में शिविर लगाकर लोगों को नई करेंसी वितरित की गई। इसी दौरान 10, 20 एवं अन्य राशि के नोट वितरित किए गए। नए नोटों को लेने के लिए सुबह से ही लोगों मैं उत्साह रहा। पुलिस उप निरीक्षक बनवारी लाल के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था निर्धारित की गई। लाइन लगाकर सभी को बारी-बारी से बैंक प्रबंधन की ओर से नए नोट वितरित किए गए। इस अवसर पर शाखा प्रभारी रामबाबू मीणा, कैश प्रभारी मुकेश जाटव, अंजलि नागर, सुरक्षा गार्ड जगदीश एवं अन्य बैंक कर्मी मौजूद रहे।

साइबर अपराध में लिप्त एक आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में साइबर अपराध के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान में सदर थना टोंक टीम व जिला स्पेशन टीम द्वारा साइबर अपराधियों के विरूद्ध संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर सायबर फॉड की वारदात का पर्दाफाश किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के दौरान आरोपी अनेक मोबाईल नम्बरों का उपयोग कर साइबर ठगी की राशि अलग-अलग फर्जी खातों में ट्रान्सफर करवायी जाती थी, जांच में सामने आया है कि बैंक खातों पर शिकायत पोर्टल पर 5 शिकायतें दर्ज पाई गई है। आरोपी द्वारा साइबर अपराध को अंजाम देने के लिए फर्जी टेलिग्राम चेनल पर ट्रेड एप पर डबलिंग का झांसा देकर न्यू ज्यॉनिंग के नाम से अलग अलग लोगों को मोटा प्रोफिट दिलवाने का लालच देकर साईबर फॉड को अन्जाम देता था। इस कार्यवाही में आरोपी आशीष उर्फ लक्की पुत्र कमलेश मीणा उम्र 22 साल निवासी सुर्यातालपुरा थाना मेहन्दवास के कब्जे से दो मोबाइल, एक चैक बुक, पासबुक, एक एटीएम कार्ड व एक स्कूटी जप्त की गयी हैं। आरोपी द्वारा देश भर के राज्यों में अलग-अलग व्यक्तियों के साथ साइबर फ्रॉड की कई वारदातें की हैं। जिसके विरूद्ध थाना सदर टोंक में आपराधिक प्रकरण आईटी एक्ट में दर्ज किया गया है।

स्वराज चौपाल में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा साझा की

निवाई। राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के तत्वावधान में शहर के वार्ड 36 में स्वराज चौपाल का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य वक्ता संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. नरेशकुमार मीणा ने महात्मा गांधी के सर्वोदय ओर स्वराज के मूल्यों पर आधारित कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को गांव ढाणी शहर के वार्डो तक प्रचारित कर लोगों के सामाजिक व आर्थिक विकास में समानता एवं बिना भेदभाव के नगर का विकास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संविधान व लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है, वे इसके खत्म करना चाहते हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संघर्ष कर रही, आगामी नगरीय निकाय चुनावों में कांठोस पार्टी का बोर्ड बना तो स्वराज की विचारधारा को ऊपर रखकर वार्ड एवं नगर का विकास होगा, शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा ने लोगों से निवाई के विकास के लिए कांठोस का बोर्ड बनाने का आ ान किया। जिला महासचिव महेंद्र बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश सांसी ने भाजपा की केंद्र सरकार पर मनरेगा का स्वरूप बदलकर लोगों से रोजगार का हक छीनने का आरोप लगाया, नगर अध्यक्ष सुमेर सिंह राजावत ने सभी का आभार प्रकट करते हुए वार्ड से कांग्रेस पार्टी को जिताकर भेजने की अपील की, चौपाल में संगठन के नगर महासचिव मनराज यादव, सचिव सुनीता जैन, कालूराम सैन, लक्ष्मण सिंह, सत्यनारायण गुजर, श्योजी वैष्णव, भंवर सिंह, नानूराम मीणा, रामायण चौधरी, बंटी जांगिड़, दीपू यादव, हनुमान शर्मा, राहुल वैष्णव, घनश्याम जांगिड़, अनवर खान, गोपाल बैरवा, सीताराम मीणा, रामस्वरूप सैन, इंद्रा चौधरी, कैलाश चौधरी, सत्यनारायण प्रजापत, अशोक कुमार, सुरेश जांगिड़, सीता देवी मीणा, गुमान कंवर, नवीन सैन, खुशीराम चौधरी व धीरज चौधरी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

भगवान पाश्र्वनाथ का मोक्ष कल्याण धूमधाम से मनाया

निवाई। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर एवं श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य सुंदर सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में बुधवार को भगवान पाश्र्वनाथ के मोक्ष कल्याण दिवस पर गाजे बाजे के साथ भक्ति भाव पूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया। अग्रवाल मंदिर में निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य सत्यनारायण विनोद कुमार, गिर्राज कुमार व महेश कुमार मोटूका परिवार को मिला। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा ने बताया कि भगवान पाश्र्वनाथ के निर्वाणोत्सव मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। मोक्ष कल्याणक महोत्सव को लेकर बुधवार को सर्वप्रथम भगवान पारसनाथ का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। इसी प्रकार श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में आचार्य सुंदर सागर महाराज के आशीर्वाद से मंडल विधान का आयोजन किया गया। मण्डल विधान पर पांच मंगल कलशों की स्थापना की गई। तत्पश्चात सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, आचार्य निमंत्रण, भूमि शुद्धि करके विधान का शुभारंभ किया गया। जिसमें जितेंद्र कुमार व गजेंद्र कुमार चंवरिया ने भगवान का अभिषेक करके नित्य नियम पूजा शुरू की। जिसमें देव शास्त्र, गुरु पूजा व नव देवता पूजा के बाद भक्ति संगीत के साथ भगवान पाश्र्वनाथ की विशेष पूजा अर्चना की गई। पूजा के बीच श्रद्धालुओं द्वारा भगवान पाश्र्वनाथ का निर्वाण काण्ड बोलकर जयकारों के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया। इस दौरान महिलाओं ने भक्ति नृत्य किया। उन्होंने बताया कि निर्वाण लाडू के बाद पाश्र्वनाथ मंडल विधान शुरू हुआ। जिसमें विधान मंडप पर सोधर्म इन्द द्वारा 128 श्रीफल अघ्र्य चढ़ाए गए। सुनिल भाणजा ने बताया कि भगवान पाश्र्वनाथ ने अष्ट कर्मों को नाश करके निर्वाण पाया। उन्होंने श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन प्रात: बेला में अष्टकर्मो को नाश कर स्वर्ण भद कूट सम्मेद शिखर से निर्वाण को प्राप्त किया। जहां मोक्ष कल्याणक के दिन लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंचते हैं। इस दिन खास तौर पर बालिकाएं उपवास करती है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुशील जैन, विष्णु बोहरा, नेमीचन्द सिरस, रामपाल चंवरिया, चेतन जैन, दिनेश गिंदोड़ी, विमल भाणजा, अशोक जैन, रमेश जैन, रिंकू झांझरी, मोहित चंवरिया, महेंद्र जैन, रौनक बोहरा, सुनील बनेठा, महेंद्र कठमाणा, गोलू चंवरिया, राकेश संघी, त्रिलोक रजवास व जितेंद्र झिलाय सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

तीन वांछित अपराधी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत सोप थानाधिकारी रामसिह यादव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के प्रकरण में 2 वर्ष से फरार 5000-5000 के ईनामी दो आरापियों को गिरफ्तार किया गया है। सोप थानाधिकारी ने बताया कि गत 28 अप्रेल 2026 को मुकेश कुमार पर भगवान की पूजा करते समय हुए हत्या के प्रयास में हमले में फरार आरोपी लोकेश मीणा पुत्र रामकिशन मीणा उम्र 25 साल, अमृतलाल मीणा पुत्र बत्तीलाल मीणा उम्र 25 साल निवासी जमूलखेड़ा पुलिस थाना कुण्डेरा व सुमरतलाल मीणा पुत्र अमरसिंह उम्र 26 साल निवासी छोरोदा कुण्डेरा जिला सवाईमाधोपुर को डिटेन कर पूछताछ के बाद घटना में अपराधी होने के बाद गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही के दौरान पुलिस ने अपराधियों द्वारा प्रयुक्त की गई एक कार व मोटरसाईकिल को जप्त किया गया है। प्रकरण में अब तक कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

नाकेश्वर महादेव के कावड़ यात्रा कल

सिरस। नाका चोकी स्थित नाकेश्वर महादेव मन्दिर से कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। कावडियां राकेश योगी व शिवचरन योगी ने बताया कि कावड़ यात्रा ध्वज व कलश पूजन करके गाजे बाजे के साथ सिरस रेलवे स्टेशन होते हुए गांव श्योसिहपुरा स्थित योगेश्वर महादेव मन्दिर पहुचेगी। जहां भगवान् योगेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। कावड़ यात्रा में सिरस, नाका चोकी व श्योसिहपुरा सहित कई गांवों से महिलाए पुरुष भाग लेंगे।